# 5 – दोस्त की पोशाक

## शब्दार्थ-

पोशाक = पहनने का कपड़ा

गपशप = बातचीत , वार्तालाप

बनठन = सजधज कर

मुलाकात = भेंट करना

गर्मजोशी = उत्साह , गहरे प्रेम का भाव

मामूली = साधारण

## प्रश्नोत्तर

नसीरूद्दीन और जमाल साहब बनठन कर घूमने के लिए निकले ।

(1)तुम बनठन कर कहाँ-कहाँ जाते हो ?

उत्तर - (क) मैं बनठन कर किसी पार्टी में, विवाह में, रिश्तेदारों के घर और बाज़ार घूमने जाता हूँ ।

(ख) तुम किस-किस तरह से बनते-ठनते हो ?

उत्तर - मैं स्नान करके नये कपड़े पहनता हूँ । बालों में कंघी करता हूँ । जूते पॉलिश करके ही पहनता हूँ । हाथ में घड़ी बाँधता हूँ । इस प्रकार से मैं बनता-ठनता हूँ ।

(ग) तीसरे मकान से बाहर निकलकर जमाल साहब ने नसीरूद्द्दीन से क्या कहा होगा ?

उत्तर - जमाल साहब ने अचकन के बारे में कोई भी बात करने के लिए मना किया होगा । उन्होंने कहा होगा, "तुमने उस का ज़िक्र क्यों किया । तुम्हारी बात से उन्हें पता चल गया होगा कि ज़रूर कोई न कोई राज़ है ।"

(घ) जमाल साहब अपने मामूली से कपड़ों में घूमने क्यों नहीं जाना चाहते होंगे ?

उत्तर - जमाल साहब को लगता होगा कि यदि वे मामूली से कपड़ों में घूमेंगे, तो लोग उन्हें गरीब समझेंगे। लोग उनके बारे में यह भी सोचेंगे कि गरीब आदमी है इसलिए इसके पास अच्छे कपड़े नहीं हैं। ऐसा भी हो सकता है कि लोग उन्हें नसीरूद्दीन का नौकर ही न समझ लें। अतः जमाल साहब अपने मामूली से कपड़ों में घूमने नहीं जाना चाहते होंगे।

(ग) नसीरूद्दीन अपनी अचकन के बारे में हमेशा क्यों बताते होंगे ?

*उत्तर -* नसीरूद्दीन मज़ाकिया इंसान थे। वे अपने दोस्त से अपनी अचकन के बारे में अकसर मज़ाक करते होगें। वह दोस्त को यह समझाना चाहते होंगे कि आदमी अपनी पोशाक से नहीं, अपने गुणों से पहचाना जाता है।

## गृहकार्य :

कहानी के बारे में कोई पाँच प्रश्न बनाकर नीचे दी गई जगह में लिखो। कॉपी में उनके उत्तर लिखो।

- ..........................................
.................
- ..........................................
.................
- ..........................................
.................
- ..........................................
.................
- ..........................................
.................

## बोध प्रश्न

प्रश्न-1 नसीरूद्दीन किस से मिल कर बहुत खुश हुआ ?

| |
|---|
| उत्तर– नसीरूद्दीन अपने पुराने मित्र जमाल साहब से मिलकर बहुत खुश हुआ । |
| प्रश्न-2 जमाल साहब ने घूमने जाने से क्यो मना कर दिया ?<br>उत्तर– जमाल साहब ने घूमने से मना कर दिया क्योंकि उनकी पोशाक मामूली-सी थी ।<br>प्रश्न-3 नसीरूद्दीन ने अपने पड़ोसी को जमाल साहब की पोशाक के बारे में क्या बताया ?<br>उत्तर– नसरीरूद्दीन ने अपने पड़ोसी से कहा कि जमाल साहब ने मेरी अचकन पहन रखी है ।<br>प्रश्न-4 नसीरूद्दीन ने हुसैन साहब से क्या कहा ?<br>उत्तर– नसीरूद्दीन ने हुसैन साहब से कहा , “जमाल साहब मेरे पुराने मित्र हैं । उन्होंने जो अचकन पहनी है, वो उनकी अपनी है ।” |
| प्रश्न-5 जमाल साहब ने नसीरूद्दीन को क्या समझाया था ? |

उत्तर– जमाल साहब ने नसीरूद्दीन को समझाया था कि पोशाक के बारे में कुछ न कहना ही अच्छा है ।

## मुहावरे और अर्थ

नसीरूद्दीन की बात सुनकर जमाल साहब पर तो मानो घड़ों पानी पड़ गया ।

(क) **घड़ों पानी पड़ना** एक मुहावरा है । इसका क्या मतलब हो सकता है ?
(1) घड़ों पानी पड़ना- बहुत लज्जित होना ।

(2) सिर मुंडाते ही ओले पड़ना – काम शुरू करते ही बाधाएँ आना

(3) ऊँट के मुँह में जीरा – जरूरत से बहुत कम

(4) दीया तले अँधेरा – अपनी बुराई न देखना

(5) ईद का चाँद – बहुत दिनों बाद दिखाई देना

## विशेषता वाले शब्द

नसीरूद्दीन एक **भड़कीली अचकन** निकाल कर लाए ।
भड़कीली शब्द बता रहा है कि अचकन कैसी थी ।

कहानी में से ऐसे ही और शब्द छाँटो जो किसी के बारे में कुछ बताते हों । उन्हें छाँटकर नीचे दी गई जगह में लिखो ।

उत्तर - पुराना दोस्त, मामूली सी पोशाक, खास दोस्त, कई सालों, अन्य पड़ोसी, यह अचकन

भड़कीली, पुराना जैसे शब्द किसी के बारे में कुछ खास या विशेष बात बता रहे हैं। इसलिए इन्हें विशेषण कहते हैं।

## गृहकार्य

दोस्तों के बारे में और जानकारी इकट्ठी करो। यदि तुम चाहो तो उनसे ये बातें पूछ सकते हो-

घर में कुल कितने लोग हैं?

उनके नाम क्या हैं?

उनकी आयु क्या है?

वे क्या काम करते हैं?

इस सूची में तुम अपने मन से बहुत-से सवाल जोड़ सकते हो।

# शब्दों के हेरफेर

## जूठा और झूठा

इन शब्दों को बोल कर देखो । ये मिलती-जुलती आवाज़ वाले शब्द हैं । ज़रा से अंतर से भी शब्द का अर्थ बदल जाता है ।

नीचे इसी तरह के कुछ शब्दों के जोड़े दिए गए हैं । इन सबके अर्थ अलग-अलग हैं । इन शब्दों का वाक्यों में प्रयोग करो ।

| | | |
|---|---|---|
| घड़ा – गढ़ा | घूम – झूम | राज – राज़ |
| फ़न – फन | सजा – सज़ा | खोल – खौल |

उत्तर -

1. घड़ा– कुम्हार **घड़ा** बनाता है ।
   गढ़ा– सुनार ने हार **गढ़ा**।
2. घूम– बूढ़े पार्क में **घूम** रहे हैं ।
   झूम– बच्चे पार्क में नाँच कर **झूम** रहे हैं ।

3. राज– भारत में अग्रेज़ों का **राज** रहा है ।

राज़– घर के **राज़** कहीं नहीं बताने चाहिए ।

4. फ़न– जोकर अपने **फ़न** में महिर होता है ।

फन– हमले से पूर्व साँप अपना **फन** उठता है ।

5. सजा– दीपावली में सारा शहर **सजा** होता है ।

सज़ा– चोरी करने पर **सज़ा** हो जाती है ।

6. खोल– दुकानदार ने दुकान **खोल** दी ।

खौल– गुस्से के कारण राजू का खून **खौल** गया ।